>

Title: Need to start new trains connecting Ujjain with Amritsar, Ajmer, Baroda and other cities of Madhya Pradesh-Laid.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): महोदय, देश में उज्जैन का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है, जहां प्रतिवर्ष लाखों तीर्थयात्री अपनी यात्रा के लिए नियमित रूप से आते हैं। इसलिए रेल मार्ग से यात्रियों की सुविधा के लिए नयी रेल सेवाएं प्रारंभ करना आवश्यक है। उज्जैन से अमृतसर, उज्जैन-रतलाम-नीमच-अजमेर, उज्जैन-इन्दौर-ओंकारेश्वर-खण्डवा, इन्दौर-उज्जैन-नागदा-रतलाम-बड़ौदा इंटर सिटी एक्सप्रेस चलाने की आवश्यकता है।

साथ ही इस क्षेत्र के नागदा, खाचरोड तथा महिदपुर रोड, विक्रमगढ़ आलोट प्रमुख स्टेशनों पर इन मार्गों से गुजरने वाली रेलगाड़ियों के स्टॉपेज स्वीकृत किये जायें।